# UNNAT BHARAT ABHIYAN

## Regional Coordinating Institute, Indian Institute of Technology Roorkee

### (News Clipping)

**19 जुलाई 2020**

# ग्राम स्वराज की अवधारणा साकार करने से होगा विकास

जागरण संवाददाता, रुड़की: उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के तहत आइआइटी रुड़की एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान गुवाहाटी की ओर से 'आदर्श ग्राम/स्मार्ट विलेज योजना की तैयारी' विषय पर चार दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने ग्राम स्वराज की अवधारणा को साकार करने पर जोर दिया।

वेबिनार की शुरुआत करते हुए आइआइटी के उप निदेशक प्रो. एम परिदा ने कहा कि गांव के विकास की अभी अपार संभावनाएं हैं। गांव के जरिए ही देश को आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की नमामी बंसल ने कहा कि गांव में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में ही युवा ग्रामीण शहर की ओर पलायन करता है। यदि गांव में मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान दिया जाए तो इससे जहां पलायन रुकेगा। आइआइटी के रीजनल कोऑर्डिनेटर प्रो. आशीष पांडे ने कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा के अनुरूप गांव के समग्र विकास करके उनको न सिर्फ आदर्श एवं स्मार्ट गांव बनाया जा सकता है वरन आत्मनिर्भर भी बनाया जा सकता है।